वर्द्धमान News

Digital Edition — शिक्षा का उजियारा

वर्ष 01 अंक 41 (वार्षिकोत्सव विशेषांक) | ब्यावर, 20 दिसम्बर 2025, शनिवार | Email : vardhmannewsbwr@gmail.com | मूल्य : निःशुल्क



संस्कारवान शिक्षा से भारत विश्व गुरु था, है और रहेगा : वासुदेव देवनानी

विधानसभा अध्यक्ष ने वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज में दिया प्रेरक उद्बोधन



एआई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी वर्तमान समय में काफी हावी हो रही है। लेकिन इसमें ज्ञान तो बहुत है लेकिन भाव नहीं है। संपूर्ण ज्ञान के लिए भावों का होना बहुत जरूरी है। भाव ही हमें संस्कारवान बनाते हैं। आदि अनादि काल से एक भारत देश ही ऐसा है जो पूरी दुनिया को संस्कार देता है। संस्कारवान शिक्षा के ज्ञान से भारत विश्व गुरु था, है और रहेगा।

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने ब्यावर के वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज के प्रांगण में आयोजित वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि यह प्रेरक उद्बोधन दिया। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थान के तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए आव्हान किया कि स्कूल के साथ साथ बच्चों को घर में भी अच्छी शिक्षा देने का प्रयास करना चाहिए। स्कूल से ज्यादा वक्त अपने घर में ही रहता है। सुबह उठने के साथ से रात्रि में सोने के समय तक परिवार वालों से उसे अच्छे संस्कार सीखने को मिल सकते हैं। बच्चों का अपने अभिभावकों के साथ सदैव संवाद बना रहे। आज संवाद की कमी की वजह से ही परिवार में आपसी रिश्तों में टकराव पैदा हो रहे हैं। इसके समाधान के लिए परिवार में प्रतिदिन कम से कम एक समय का भोजन सभी परिवारजन एक साथ ही करें।

हमारी सनातन संस्कृति, गीताजी का ज्ञान भी बच्चों में अवश्य होना चाहिए। हमारे महापुरुषों के जीवन चरित्र एवं इतिहास की जानकारी भी होना अति आवश्यक है।

बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण जरूरी..

कैबिनेट मंत्री...अविनाश गहलोत



कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने अपनी उद्बोधन में कहा कि राष्ट्र निर्माण में आने वाली पौध को शैक्षणिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, बौद्धिक एवं अनेक प्रकार से व्यक्तित्व को नए रूप से बीजारोपण करने का काम आपका यह वर्द्धमान संस्थान कर रहा है।

वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित शैक्षणिक इकाइयों में आपके नौनिहालों के एडमिशन के बाद उसे सीनियर सेकेंडरी, बालिकाओं के लिए कॉलेज तक की शिक्षा देने का पुनीत कार्य आपका वर्द्धमान संस्थान कर रहा है। इसके कुशल संचालन एवं प्रबंधन के लिए समिति के अध्यक्ष, मंत्री एवं समस्त पदाधिकारियों के साथ विभिन्न शैक्षणिक इकाइयों के शिक्षकगण बधाई के पात्र हैं।

मुझे पूरा भरोसा है कि यहां से पढ़कर बच्चे कुशल वैज्ञानिक, इंजीनियर, चिकित्सक, राजनेता, समाज सेवक एवं सच्चे राष्ट्र सेवक बनेंगे।

अंतर्मन से पूछना है कि मैं कौन हूं...?


विधायक पोकरण... महंत प्रताप पुरी



अगर पूछोगे तो आपके कर्तव्य का बोध होगा कि में कौन हूं जिस दिन यह बोध हो जाएगा उस दिन आपको गीता का ज्ञान भी मिल जाएगा और भगवान महावीर के उपदेशों को धारण करने का प्रारंभ हो जाएगा। उस दिन से परिवार, पड़ोस, प्रदेश से लेकर देश और दुनिया के प्रति अपने कर्तव्य अपनी ड्यूटी या अपना धर्म निभाने का बोध हो जाएगा। गुरु और शिष्य की परम्परा बरसों पुरानी है। शिष्य के मन में अनेक तरह की जिज्ञासा उत्पन्न रहती है। उसका उत्तर सिर्फ और सिर्फ गुरुजी के पास ही रहता है। आदिकाल से लेकर अब तक अनेक धर्म गुरु, महापुरुषों एवं विद्वान गुरुजनों के माध्यम से हमें अनेक प्रश्नों का उत्तर एवं समस्याओं का समाधान हमें मिलता रहा है। कर्तव्य बोध होकर जिसने भी अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन कर लिया तो आपकी सारी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। इतिहास के दो तरह के पहलू है। एक सकारात्मक दूसरा नकारात्मक, आप जैसा कार्य करेंगे उसका इतिहास भी आने वाली पीढ़ियां अनुसरण करेगी। जिस पथ पर हमारे महापुरुष प्रेरणा देकर गए है उसका अनुसरण करना हमारा कर्तव्य बनता है। आओ हम सब मिलकर एक बार फिर हमारे राष्ट्र को विश्व गुरु बनाने में अपने कर्तव्य बोध की पालना करें।

वर्द्धमान सोविनियर 2025 का भव्य विमोचन

वक्त के साथ आगे बढ़ता....वर्द्धमान







इस स्लोगन को चरितार्थ करती एक आकर्षक स्मारिका का भव्य विमोचन ब्यावर में किया गया। ब्यावर के वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि श्री वासुदेव देवनानी, कार्यक्रम अध्यक्ष श्री अविनाश गहलोत, विशिष्ट अतिथि विधायक महंत श्री प्रताप पुरी जी, विधायक श्री शंकर सिंह रावत, वरिष्ठ पत्रकार एवं ब्लॉगर श्री सुरेन्द्र चतुर्वेदी के कर कमलों द्वारा वर्द्धमान सोविनियर 2025 का विमोचन किया गया।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष सुनील खेतपालिया, मंत्री डॉ.नरेंद्र पारख, कोषाध्यक्ष श्री देवराज लोढ़ा एवं समिति के प्रमुख पदाधिकारी, वर्द्धमान जनसंपर्क, मीडिया प्रभारी एस.एन.अग्रवाल (बबलू) एवं प्रकाशन मंडल के सदस्य अजय चौधरी, नेहा जैन मंच पर मौजूद रहे।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर (रजि.) द्वारा संचालित समस्त शैक्षणिक इकाइयों की विस्तृत जानकारी, समिति परिचय, अतीत से अब तक के प्रमुख पदाधिकारियों के कार्यकाल की जानकारी, वर्तमान पदाधिकारी एवं प्रबंधकारणी सदस्यों की जानकारी, समिति में दिए जा रहे भौतिक उन्नयन, विकास कार्यों में वृहद अर्थ सहयोग देने वाले भामाशाहों, दानवीरों के स्वागत अभिनंदन आयोजन को प्रमुखता से प्रकाशन किया गया है।

साथ ही समिति द्वारा संचालित समस्त शैक्षणिक संस्थान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के प्रमुख समाचारों एवं उनकी श्रेष्ठ फोटोज को विस्तृत एवं आकर्षक रूप से प्रकाशित करने एवं संस्था से जुड़ी प्रतिभावान विद्यार्थियों की उपलब्धियों को प्रमुखता से प्रकाशित करने का एक माध्यम है।

किसी भी संस्थान के प्रचार प्रसार के लिए उसका मीडिया प्रबंधन कुशल होना अति आवश्यक है।

इसी उद्देश्य को लेकर समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र जी पारख की प्रेरणा एवं कुशल मार्गदर्शन से इसी वर्ष बसंत पंचमी(फरवरी) से हमारा वर्द्धमान न्यूज के नाम से डिजिटल एडिशन शुरू किया इस वर्ष के समापन(दिसंबर) में हम इसका 41 वा एडिशन प्रकाशित किया हैं। यह एक टीम वर्क है और टीम के प्रत्येक सदस्य के सक्रिय सहयोग एवं श्रेष्ठ प्रदर्शन की बदौलत ही बेहतर परिणाम की संभावना रहती है। अब तक जो जिम्मेदारी हमारी टीम को मिली है उसका पूरी तरह से निर्वहन करने का प्रयास रहे है, टीम सदस्यों में प्रमुख एस.एन.अग्रवाल (बबलू), अजय चौधरी, नेहा जैन, खुशबू भाटी, ईशान सांखला, राहुल मौर्य एवं अशोक भाटी का प्रमुख योगदान रहा है। इस स्मारिका प्रकाशन में अर्थ सहभागिता निभाने वाले प्रबुद्ध शुभचिंतकों एवं समस्त विज्ञापन दाताओं के प्रति हार्दिक साभार एवं सादर साधुवाद।

साप्ताहिक
वर्द्धमान News
Digital Edition शिक्षा का उजियारा

Education is the most
Powerful weapon which you
Can use to change the world

ब्यावर
20 दिसम्बर 2025, शनिवार

अतिथिगणों का हुआ स्वागत-सत्कार...






प्रतिभावान विद्यार्थियों का हुआ सम्मान...







वर्द्धमान में रांका परिवार द्वारा 51 लाख के अर्थ सहयोग की बड़ी घोषणा



श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल (वर्द्धमान रूट्स) के नन्हे-मुन्हे बच्चों को संस्कारमय शिक्षा के उद्देश्यों में भौतिक उन्नयन हेतु वातानुकूलित सर्वसुविधायुक्त द्वितीय तल के नव निर्माण हेतु ब्यावर जिले के निकटवर्ती ग्राम सारोठ के मूल निवासी प्रसिद्ध समाजसेवी, धर्मपरायण दानवीर देवीलाल रांका के सुपुत्र डी एम आर लैंड्स माधावरम चेन्नई निवासी भामाशाह कमलेश कुमार, मनीष कुमार, रोहित कुमार रांका द्वारा इक्कावन लाख (51 लाख रूपए) के विपुल अर्थसहयोग प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने अपने उद्बोधन में समिति अध्यक्ष श्री सुनील खेतपालिया की प्रेरणा से भामाशाह रांका और उनके परिवार के सहयोग के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए शिक्षण संस्थान व शिक्षा के क्षेत्र में देवीलाल जी रांका परिवार द्वारा उदारतापूर्वक किए गए योगदान की प्रशंसा की।

रेट्रो थीम पर गुजरे जमानें की स्मृतियां हुई ताज़ा

गोठी स्कूल का 28वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से सम्पन्न








श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 20 दिसंबर 2025 को कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए वार्षिक उत्सव का आयोजन वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज प्रांगण में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, समारोह अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, विशिष्ट अतिथि विधायक शंकर सिंह रावत, पोकरण विधायक महंत प्रताप पुरी, वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र चतुर्वेदी द्वारा मां सरस्वती की आराधना, नवकार मंत्र स्तुति एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

समिति के अध्यक्ष सुनील खेतपालिया, मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख, शैक्षणिक निदेशक डॉ आर सी लोढा व विद्यालय के प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा ने समस्त आगंतुक अतिथिगणों का माल्यार्पण, साफा एवं आकर्षक उपरणा पहना कर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन किया।

आकर्षक डिजिटल लाइट्स इफेक्ट्स एवं सुपर साउंड सिस्टम से सज्जित मंच पर बड़ी एलईडी स्क्रीन पर गुजरे जमाने के फेमस गानों के चलचित्र प्रदर्शन के साथ रेट्रो रिदम थीम पर आधारित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों ने सबकी दाद बटोरी। विद्यालय प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि प्रथम दिवस कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के नन्हे-मुन्नों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दी। दूसरे दिन कक्षा 6 से कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने (सन् 1950 से 1990) तक पुराने नगमों व संगीत की प्रस्तुतियां देकर अतिथि व अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अभिभावकों ने पुराने नगमों के गीत एवं संगीत का आनन्द लेकर करतल ध्वनियों से महाविद्यालय प्रांगण गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नवकार मंत्र व गणेश वन्दना की आकर्षक प्रस्तुति से हुआ। तत्पश्चात जैन लघुनाटिका (आनन्द भयो) माता त्रिशला के सोलह स्वप्नों की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात पुराने सुपरहिट नगमो में प्रमुख... किसी की मुस्कराहट पे हो निसार, ओम शांति ओम, डिस्को बीट, लव यू जिन्दगी, रेट्रो वाइब्स, साइंस ट्रिब्यूट, नीले-नीले अम्बर पर, बी. एल. जी. रेट्रो वुड इत्यादि की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई तत्पश्चात शैक्षणिक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले व खेलकुद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियो को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण अतिथियों एवं समिति के पदाधिकारियों द्वारा वक्त के साथ आगे बढ़ता... वर्द्धमान नामक वार्षिक स्मारिका का विमोचन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि वासुदेव देवनानी ने अपने उदबोधन में विद्यालय में अध्यनरत समस्त छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में मोबाईल से दूरी बनाकर अपनी किताबों से दोस्ती कर लेनी चाहिये ताकि विद्यार्थी अपने सपनो को साकार कर सकें। समारोह अध्यक्ष अविनाश गहलोत ने समस्त छात्र छात्राओं को अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहकर अपने माता पिता, गुरूजन व अपने देश का सम्मान करना चाहिए।

कार्यक्रम में समिति के उपाध्यक्ष एम. गौतमचंद बोहरा, सहमंत्री सुनील कुमार ओस्तवाल, कोषाध्यक्ष देवराज लोढ़ा, प्रचार मंत्री महेन्द्र सांखला, सदस्य प्रवीण खेतपालिया, दीपचन्द कोठारी, उत्तमचंद देरासरिया, प्रकाश गदिया, अरविन्द मूथा, वैभव सकलेचा, धनपतराज श्रीश्रीमाल, विशाल नाहटा, डॉ एस.सी. जैन, महावीर चंद नाहर, पवन खिंवसरा, दुलराज मकाणा, गौतम गोखरू, सम्पतराज सिंघवी, बलवन्त रांका, कमलेश कोठारी, वईसराज रांका, शैलेन्द्र सोगानी, मोतीलाल बोथरा सहित देशभर से पधारे अतिथि, अभिभावक, छात्र एवं छात्राएं मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में लगभग 400 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं सम्पूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी विशेष भूमिका निभाई।

कार्यक्रम संचालन विद्यालय छात्राओं आंचल मेहता, प्रांजल मेहता, सोम्या साहू, यशवी जैन व पारूल जैसवानी ने किया। कार्यक्रम का सुचारू संचालन श्रीमती अनुपमा दाधीच, श्रीमती मेरी डेनियल, श्रीमती ज्योति चौहान व सुश्री रूची वर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंत में वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने पधारे हुए सभी अतिथि व अभिभावकगण को धन्यवाद प्रेषित किया साथ ही विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए उत्साहवर्धन किया। वार्षिकोत्सव के समन्वयक श्री समीर एस. कुमार के दिशा निर्देशन में सम्पूर्ण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। ग्राफिक क्रिएटर की भूमिका श्री प्रदीप हेड़ा ने निभाई।